पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

राज्यपाल से प्रान्तीय सिविल सेवा 2020 के 41 प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की

गरीब जनता के लिए प्राथमिकता से कार्य करें

शक्तियों का सदुपयोग करें और समस्याओं का निस्तारण करें

सरकारी योजना का लाभ सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों तक पहुँचाएं

जीवन में ईमानदार रहें

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

————————

लखनऊः 14 नवम्बर, 2022

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज यहाँ राजभवन में प्रान्तीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) 2020 बैच के 41 प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने उन्हें गरीब जनता के लिए प्राथमिकता से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि जनता के हित में प्राप्त प्रार्थना–पत्रों और फाइलों का निस्तारण कम से कम समय में करें, जिससे प्रार्थी को कम से कम समय में समाधान और लाभ प्राप्त हो सके।

जनसम्पर्क के माध्यम से जनता की समस्याओं को जानने के अपने अनुभवों को सांझा करते हुए राज्यपाल जी ने अधिकारियों से कहा कि उन्हें समस्याओं का समाधान करने की शक्ति प्राप्त हुई है, शक्तियों का सदुपयोग करें और समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी नीति–नियम के अंतर्गत ही कार्य करें, लेकिन कोई

जनहित का कार्य यदि नीति में नहीं है तो उसका विवरण और आवश्यकता को विस्तार से अपने वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुँचाएं, जिससे उस कार्य को कराने हेतु नीति–नियम बनाया जा सके। अधिकारियों का प्रयास होना चाहिए कि जो भी फरियादी उनके पास आए वो निराश होकर न जाए।

राज्यपाल जी ने अधिकारियों से ग्रामीण जीवन की समस्याओं और जटिलताओं के अपने अनुभव भी सांझा किए। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रेरित किया कि वे अपने कार्यकाल में वहाँ के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने का कार्य जिम्मेदारी से करें। उन्होंने प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों की विविध समस्याओं पर भी ध्यान केन्द्रित कर निराकरण कराने की अपेक्षा प्रशिक्षु अधिकारियों से की।

राज्यपाल जी ने अधिकारियों को ईमानदारी से कार्य करने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जो भी बात करें स्पष्ट करें, सही जानकारी दें और सेवा भाव से कार्य करें। राज्यपाल जी ने इस अवसर पर प्रशिक्षु अधिकारियों से प्रशिक्षण काल में किए गए कार्य एवं अनुभवों की जानकारी भी ली।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव राज्यपाल श्रीमती कल्पना अवस्थी, उ0प्र0 प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी, लखनऊ के महानिदेशक श्री एल0 वेंक्टेश्वर लू एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

———–

डा0 सीमा गुप्ता/राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361